10/12/2024

आकाशवाणी ईटानगर

आज मानवाधिकार दिवस मनाया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र आम सभा ने दस दिसंबर को उन्नीस सौ अड़तालीस में मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा पारित की थी और इसे लागू किया था। इसे समूचे विश्व में मानवाधिकारों के संरक्षण के लिए साझा मानक के रूप में अपनाया गया। इस वर्ष मानवाधिकार दिवस का विषय है- हमारे अधिकार, हमारा भविष्य। इस अवसर पर नई दिल्ली में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने कहा है कि भारत ने गरीबी और भुखमरी को समाप्त करने तथा युवाओ को समान अवसर प्रदान करने के लिए नीतियां लागू करके दुनिया के सामने उदाहरण पेश किया है। राष्ट्रपति ने कमज़ोरों की आवाज़ बनने के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, न्यायपालिका और मुख्य हितधारकों समेत अन्य आयोगों के प्रयासो की सराहना की। उन्होंने एक ऐसे विश्व के निर्माण में योगदान देने के सामूहिक संकल्प की भी पुष्टि की, जहाँ न्याय और मानवीय गरिमा समाज की आधारशिला हो।00000000000000

संसद के दोनों सदनों में आज भी गतिरोध जारी रहा, जिससे लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। संसद के दोनों सदनों में सत्ता पक्ष ने कांग्रेस नेताओं पर अमेरिका स्थित एक प्रमुख फाउंडेशन के साथ कथित संबंध रखने का आरोप लगाया। उनका  कहना था कि इससे देश की बदनामी हुई है।

वहीं दूसरी ओर विपक्षी सदस्यों ने एक प्रमुख भारतीय कारोबारी समूह के खिलाफ कथित रिश्वतखोरी के आरोप का मुद्दा उठाया। इधर राज्यसभा में मानवाधिकार दिवस के अवसर पर सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि दस दिसंबर उन्नीस सौ अड़तालीस को संयुक्त राष्ट्र में पारित यूनिवर्सल डिक्लेरेशन ऑफ ह्युमन राइट्स से दुनिया भर में मानवाधिकारों की रक्षा, सम्मानपूर्ण जीवन और सभी नागरिकों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने में मदद मिल रही है।0000000000000000

मानवाधिकार दिवस के अवसर पर आज ईटानगर में अरुणाचल प्रदेश महिला कल्याण सोसायटी ने अरुणाचल प्रदेश स्टेट लीगल सर्विसेस अथोरिटी से संबद्ध वन स्टॉप सेंटर ईटानगर एंड बोधाना एनजीओ के सहयोग से लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ जनजागरुकता अभियान चलाया। इसके तहत बोधाना एनजीओ के सदस्य ने नुक्कड़ नाटक और पेंटिंग के माध्यम से लोगों को मानवाधिकार से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर जागरुक किया। ईटानगर के अपर प्राइमरी स्कूल, इएसएस सेक्टर में अरुणाचल प्रदेश महिला कल्याण सोसायटी की लीगल टीम ने मानवाधिकार दिवस पर छात्रों को महत्वपूर्ण मुद्दों पर जागरुक किया।

0000000000000000000000

केंद्रीय संसदीय और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने सोमवार को नई दिल्ली में नॉर्थ ईस्ट एमपी फोरम के पूर्वोत्तर क्षेत्रीय संवाद में हिस्सा लिया।

इंडस्ट्री एंड कॉमर्स फेडरेशन नॉर्थ ईस्ट रीजन द्वारा आयोजित इस डायलॉग में क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान पूर्वोत्तर राज्यों की समृद्धि के लिए आपसी सहयोग पर जोर दिया गया।0000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन और सांसद तापिर गाव ने नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विणी वैष्णव से मुलाकात की। बैठक के दौरान अरुणाचल प्रदेश को वंदे भारत ट्रेन से जोड़ने और रुपाई-परशुराम कुंड, भालुकपोंग-तवांग और शिलापथार-बामे रेललाईन प्रोजेक्ट को प्राथमिकता के आधार पर लागू करने पर चर्चा हुई। अपने सोशल मीडिया पोस्ट में उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने कहा कि अरुणाचल की रेल परियोजनाएं कनेक्टिविटी में सुधार, पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय लोगों को आर्थिक अवसर उपलब्ध कराने के नजरिए से महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि रेल मंत्री ने रणनीतिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण अरुणाचल की रेल परियोजनाओं को प्राथमिकता सूची में शामिल करने का आश्वासन दिया।

0000000000000000000000

स्वास्थ्य मंत्री बियुराम वाघे ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश में क्वालिटी हेल्थ केयर के लिए हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। सोमवार को गोल्डेन जुबली ग्राउंड पाक्के केसांग में आयोजित कार्यक्रम के बाद संवाददाताओं के साथ बातचीत में उन्होंने लोगों से केंद्र और राज्य सरकार की विकास परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए परियोजना एजेंसियों के साथ सहयोग करने के साथ ही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया।0000000

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के नॉर्थ ईस्ट रीजन के महानिदेशक के. सतीश नामबुदिरिपाद के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने आज राज्य सचिवालय ईटानगर में अरुणाचल प्रदेश के मुख्य सचिव मनीष कुमार गुप्ता से मुलाकात की। बैठक के दौरान पापुम पारे जिले के जोते में फिल्म एंड टेलिविजन इंस्टीट्यूट की प्रगति पर चर्चा हुई। इस बैठक में सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलिविजन इंस्टीट्यूट - एस.आर.एफ.टी.आई, कोलकाता के निदेशक समिरन दत्ता, और रजिस्ट्रर डॉक्टर सुश्रुत शर्मा सहित कई अधिकारी मौजूद थे। बैठक में देश के तीसरे और नॉर्थ ईस्ट के पहले फिल्म एंड टेलिविजन इंस्टीट्यूट - एफटीआई, जोते, ईटानगर में राज्य सरकार से इंफ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक और प्रशासनिक सहयोग के साथ ही स्थानीय और क्षेत्रीय विकास पर मुख्य रुप से चर्चा हुई। इस संस्थान का उद्देश्य समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और इस क्षेत्र के क्रियेटिव टेलेंट को बढ़ावा देकर राष्ट्रीय स्तर पर फिल्म एंड टेलिविजन इंडस्ट्री के विकास में योगदान देना है। मुख्य सचिव ने राज्य सरकार की तरफ से इस महत्वपूर्ण संस्थान के विकास कार्य में तेजी लाने के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में आईपीआर सचिव न्याली एते और पापुम पारे जिले के उपायुक्त जिकेन बोमजेन भी मौजूद थे। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के पुलिस महानिदेशक आनंद मोहन से भी मुलाकात की।00000000000000000000000

ईस्ट सियांग जिले के कॉलेज ऑफ हॉर्टिकल्चर एंड फॉरेस्ट्री, सेंट्रल एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी पासीघाट में रीजनल साइट्रस बायोडायवर्सिटी फेयर शुरु हुआ।

इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चर रिसर्च - आई.आई.एच.आर, बेंगलुरु के सहयोग से कृषि विज्ञांन केंद्र, ईस्ट सियांग और कॉलेज ऑफ हॉर्टिकल्चर एंड फॉरेस्ट्री, पासीघाट द्वारा आयोजित दो दिन के इस फेयर का उद्देश्य राज्य में पैदा होने वाले साइट्रस की विभिन्न प्रजाति के फलों का प्रचार-प्रसार करना है। इस मेले में विशेष रूप से सियांग बेल्ट के किसानों के साइट्रस प्रोडक्ट को प्रदर्शित किया जा रहा है।0000000000000000000000

ईस्ट सियांग जिले के इंडस्ट्रीयल ग्रोथ सेंटर, निग्लोक में आज Aether Alloys LLP का उदघाटन परमपूज्य बाबा कालीदास कृष्णानंद परमहंसजी महाराज की मौजूदगी में अरुणाचल प्रदेश के इंडस्ट्री मिनिस्टर न्यातो दुकोम ने किया। इस अवसर पर पावर मिनिस्टर के सलाहकार विधायक जिक्के ताको भी मौजूद थे। राज्य सरकार की औद्योगिक नीति का सकारात्मक असर प्रदेश में देखने को मिल रहा है और इस औद्योगिक इकाई के शुरु होने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे।0000000000000000000000

इसी के साथ समाचार बुलेटिन समाप्त हुए नमस्कार